भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2546#

गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**गुजरात में पर्यटन के लिए वित्तीय सहायता**

**2546#. श्री नरहरी अमीनः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गुजरात राज्य में पर्यटन के विकास और प्रोत्साहन हेतु किसी योजना और वित्तीय सहायता का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विकास हेतु कितनी परियोजनाओं का चयन किया गया है या उन पर विचार किया जा रहा है;

(ग) गुजरात में प्रत्येक परियोजना के लिए संस्वीकृत की गई/संस्वीकृत की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संस्वीकृत बजट आवंटन का योजना-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजनाओं के तहत गुजरात राज्य को पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की है। गुजरात राज्य में उपरोक्त् योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए गुजरात राज्य सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जाँच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास के अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के तहत जारी घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय अभियानों के माध्यम से गुजरात सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किया जाता है। भारत तथा विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की पर्यटन क्षमता के संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं।

*******

**अनुबंध**

गुजरात में पर्यटन के लिए वित्तीय सहायता के सम्बन्ध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2546 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | विरासत परिपथ | 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली- दांडी का विकास | 58.42 | 56.21 |
| 2. | गुजरात | विरासत परिपथ | 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास । | 91.11 | 87.25 |
| 3. | गुजरात | बौद्ध परिपथ | 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर- राजकोट- मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| 2. | | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 | 45.36 |
| 3. | | प्रशाद योजना के अन्तर्गत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | 44.76 |
| 4. | | सोमनाथ, गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थयात्रा प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 10.03.22 |

*******